पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांक: 4896 दिनांक: 28/11/25

कार्यालय आदेश

शोधार्थियों के लिए अनिवार्य निर्देश (Mandatory Instructions for Research Scholars)

शोधार्थियों को निम्नलिखित नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा:

1. शोध प्रगति रिपोर्ट (Research Progress Report - RAC)

(i) प्रत्येक शोधार्थी के लिए हर छः माह में शोध प्रगति रिपोर्ट विश्वविद्यालय के शोध विभाग में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो उसे आगामी RAC में रखा जाएगा।

(ii) किसी शोधार्थी की विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित RAC में किसी अपरिहार्य कारणवश RAC रिपोर्ट प्रस्तुत नही हो पायी है तो आगामी RAC में निरंतरता में रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकेगा।

(iii) शोध प्रबन्ध (Thesis) जमा कराने से पूर्व, शोधार्थी को अनिवार्य रूप से छः RAC बैठकों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

2. प्रकाशन और प्रस्तुति (Publication and Presentation)

(i) शोधार्थी को अपने पीएच.डी. टॉपिक से संबंधित दो शोध–पत्र प्रकाशित करवाना अनिवार्य है।

(ii) किन्हीं दो सेमीनार/वर्कशॉप में अपना शोध कार्य प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है। Thesis जमा करने से पूर्व की प्रक्रिया (Pre-Submission Procedure)

(iii) शोध प्रबन्ध जमा करने से पूर्व प्रत्येक शोधार्थी को RAC के सम्मुख Pre- Thesis Submission करना अनिवार्य होगा।

(iv) RAC की अनुमति की तिथि से छः माह की अवधि में शोध प्रबंध जमा करवाना होगा।

3. शोध प्रबन्ध जमा करते समय की आवश्यकताएँ (Thesis Submission Requirements)

(i) शोध प्रबन्ध जमा करते समय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित फीस जमा करना अनिवार्य है।

(ii) शोध प्रबन्ध की Plagiarism Report (10% से कम) अनिवार्य है। इसकी प्रतिलिपि शोध प्रबन्ध के साथ अनिवार्यतः संलग्न की जाए।

नोटः विधि (Law) के शोधार्थियों को Plagiarism Report के संबंध में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

(iii) शोध प्रबन्ध चार प्रतिलिपि में (सॉफ्ट प्रतिलिपि के साथ) जमा होगा।

(iv) इसके साथ चार प्रतिलिपि में Thesis Summary भी जमा करनी होगी।

(v) शोध प्रबन्ध की सॉफ्ट कॉपी की एक Pen Drive शोध अनुभाग में जमा करवाना अनिवार्य है।

4. प्रारूपण और जिल्दसाजी (Formatting and Binding)

(i) भाषा और फ़ॉन्टः
अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं के शोध प्रबन्ध यथासंभव Devlys 010/Mangal Font Size 14 में टाईप करावें।

(ii) अंग्रेजी भाषा के शोध प्रबन्ध का फ़ॉन्ट Times New Roman Font Size 12 होना चाहिए।

(iii) शोध प्रबन्ध जिल्दसाजी कठोर जिल्द (Hard Binding) में ही स्वीकृत्ति होगी।

(iv) शोध प्रबन्ध का कवर कलर संकाय अनुसार निर्धारित है:

संकाय (Faculty)	कवर का कलर (Cover Color)
Arts/Social Science/Fine Arts/Music and Dramatics	Saffron/केसरिया
Science	Dark Blue/गहरा नीला
Commerce and Management	Yellow/पीला
Law	Purple/बैंगनी
Engineering and Technology	Orange/नारंगी
Education	Light Green/हल्का हरा

5. शोध शीर्षक (Research Title)

(i) अंग्रेजी भाषा में लिखी जाने वाले शोध प्रबन्ध को छोड़कर अन्य भाषाओं के शोध प्रबन्ध में, शोध शीर्षक अनिवार्यतः अंग्रेजी/रोमन भाषा में लिखा जाये।

(ii) विज्ञान संकाय को छोड़कर, शोध शीर्षक दोनों भाषाओं (HINDI & ENGLISH) में होना चाहिए

6. (A) Paper Size and Margins:

(i) Size: - Standard A4 / Quarter (8.3 x 11.7 inch or 210 x 297 mm) size.

(ii) Margins: - Left: 1.5 inch (3.81 cm), Right / Top / Bottom: 1.0 inch (2.54cm).

(iii) Orientation: - Portrait (preferred) / Landscape (where it is required).

(iv) All English contant will be in Times of New Roman

(B) Title:

(i) For English: - Font Type: Times New Roman, Size: 16, Bold, Line Spacing: 1.15, UPPERCASE, Centrally Aligned.

(ii) For Hindi: - Font Type: Devlys 010/Mangal, Font Size: 18, Bold, Line Spacing: 1.15, Centrally Aligned.

(iii) For Urdu: - Font Type: Noori Nastaleeq, Font Size: 18, Bold, Line Spacing: 1.15, Centrally Aligned.

नोटः–

- शोधार्थी को स्व–हस्ताक्षर युक्त शोध–प्रारूप की 4 प्रतिलिपि स्पाइरल बाइंडिंग, शोध निर्देशक के हस्ताक्षर (मय सील) के साथ प्रस्तुत करनी होगी।
- शोध–प्रारूप के प्रत्येक पृष्ठ पर शोधार्थी के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं।
- शोध–प्रारूप के प्रत्येक पृष्ठ के नीचे मध्य में पृष्ठ संख्या अंकित की जानी अनिवार्य है (प्रारूपः– "1 of 20" इत्यादि)।
- शोध शीर्षक अनिवार्यतः दोनों भाषाओं (हिन्दी व अंग्रेजी) में होना चाहिए। विज्ञान संकाय पर यह बंधन लागू नही होगा।
- अंग्रेजी भाषा में लिखे जाने वाले शोध–प्रारूप व शोध–प्रबन्ध को छोड़कर अन्य भाषाओं के शोध–प्रारूप व शोध–प्रबन्ध में शोध शीर्षक अनिवार्यतः अंग्रेजी भाषा में लिखा जावे। जिन शब्दों का अंग्रेजी अनुवाद न हो सके उनके लिए रोमन लिपि में यथा धर्म/Dharma, भारत/Bharat की तरह लिखा जावें।
- शोध शीर्षक हेतु विज्ञान संकाय में अंग्रेजी भाषा में font size 16 Bold अथवा हिन्दी भाषा में font size 18 Bold रहेगा।

7. विभिन्न प्रारूप नियमानुसार होंगे।

TITLE OF THE SYNOPSIS

A Synopsis submitted to } size 14

Pandit Deendayal Upadhyaya Shekhawati University, Sikar } size 16 B

for registration in } size 14

Doctor of Philosophy (Ph.D.) in <Subject> } size 16 Bold

by } size 14

XYZ } size 14, Bold

Registration No.: < > } size 14

(Research Scholar)

Under the supervision of } size 14

Dr. ABC } size 14, Bold

Registration No.: < >

(Designation)

Department of <subject>

Name of College/Institution

District, Rajasthan-PIN } size 14

Month, 2025 } size 14, Bold

TITLE OF THE THESIS

Thesis submitted to } size 14

Pandit Deendayal Upadhyaya Shekhawati University, Sikar } size 16 B

for the award of } size 14

Doctor of Philosophy (Ph.D.) in <Subject> } size 16 Bold

by } size 14

XYZ } size 14, Bold

Registration No.: < >

(Research Scholar) } size 14

Under the supervision of } size 14

Dr. ABC } size 14, Bold

Registration No.: < >

(Designation)

Department of <subject>

Name of College/Institution

District, Rajasthan-PIN } size 14

Month, 2025 } size 14, Bold

शोध प्रारूप का शीर्षक (Bold, size 18)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को
.....विषय में
विद्या वाचस्पति (पीएच. डी.)
के लिए पंजीकरण हेतु
प्रस्तुत शोध–प्रारूप

size 16/Bold

शोधार्थी
नाम (Bold)
पंजीकरण संख्याः–

शोध–निर्देशक
नाम (Bold)
पंजीकरण संख्याः–
पदनाम
विभाग
संस्थान का नाम
जिला, राजस्थान, पिन कोड

Size 16

माह, 2025(Bold)

शोध प्रबंध का शीर्षक (Bold, size 18)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को
.....विषय में
विद्या वाचस्पति (पीएच. डी.)
की उपाधि के लिए
प्रस्तुत
शोध–प्रबन्ध

} size 16/Bold

शोधार्थी
नाम (Bold)
पंजीकरण संख्याः–

शोध–निर्देशक
नाम (Bold)
पंजीकरण संख्याः–
पदनाम
विभाग
संस्थान का नाम
जिला, राजस्थान, पिन कोड

} Size 16

माह, 2025(Bold)

आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(डॉ. राजेन्द्र सिंह)
शोध निदेशक

क्रमांकः 4897-4900 दिनांकः 28/11/25

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, कुलगुरु सचिवालय, पं. दी. उ. शे. वि.वि., सीकर।
2. निजी सचिव कुलसचिव सचिवालय, पं. दी. उ. शे. वि.वि.,सीकर।
3. वित्त नियंत्रक पं. दी. उ. शे. वि.वि., सीकर।
4. रिसर्च सेन्टर, पं. दी. उ. शे. वि.वि., सीकर।
5. रक्षित पत्रावली।

(डॉ. राजेन्द्र सिंह)
शोध निदेशक